doubtnut
India's Number 1 Education App

# HINDI

# BOOKS - X BOARDS

# HINDI (COURSE B 2019 )

## खण्ड अ

1. निम्नलिखित गर्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया

है। भविष्य कैसा होगा, यह भविष्य में क्या बनेगा, इस प्रश्न को सुलझाने में या दिवास्वप्न देखने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है। भविष्य के बारे में सोचिए जरूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है। अत: नींव को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो, लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे। आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वज लें. सोचें कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें वर्तमान रूपी नीव को मजबूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींय सबल बनती गई, तो भविष्य का भवन भी अवश्य बन जाएगा। जितनी मेहनत से सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें यह सोचते हुए समय खराब

न करें कि अब मेरा क्या होगा में सफल भी हो पाऊँगा या नहीं? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, तो समय उसे नष्ट कर देता है। वर्तमान में समय का सदपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है। भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिताएँ पर लेती हैं। ये चिंताएँ बर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं। ये बाधाएँ हमारे उत्साह को लगन को धीमा करती हैं और लक्ष्य हमसे दूर होता चला जाता है। नि:संदेह भविष्य के लिए योजनाएँ बनानी चाहिए, किंतु वर्तमान को विस्मृत नहीं करना चाहिए। भविष्य की नींव बनाने में वर्तमान का परिश्रम भविष्य की योजनाओं से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

(क) आजका विद्यार्थी अपना समय किन बातों में नष्ट कर

देता है? इसे त्याज्य क्यों माना गया है?

(ख) हमारी सफलता का मूलमंत्र क्या हो सकता है और कैसे?

(ग) समय का हमारे जीवन में क्या महत्व बताया गया है

(घ) हम अंतत: लक्ष्य से कैसे दूर होते जाते हैं? इससे कैसे बचा जा सकता है? (ड) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपपुका शीर्षक लिखिए।

View Text Solution

**2.** नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर रूपांतरण कीजिए

(क) ग्वालियर में हमारा एक मकान था, उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे। (मिश्र वाक्य में)

(ख) तताँरा ने विवश होकर आग्रह किया। (संयुक्त वाक्य में)

(ग) आप जो कुछ कह रहे हैं यह बिल्कुल सच है। (सरल वाक्य में)

(घ) प्रैक्टिकल आइडियलिस्टों के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं। (मिश्र वाक्य में)

View Text Solution

## खण्ड ख

**1.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो पदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : ग्रंथकार, देशनिर्वासित, सज्जन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए:

(i) जो नभ में विचरण करता है

(ii) सीमा का प्रहरी

(iii) आठ अध्यायों का समूह

View Text Solution

**2.** किन्हीं दोरिक्तस्थानों की पूर्ति उचितमुहावरों द्वारा कीजिए:

(क) मुझे ......." मत समझना, मैं तुम्हारी हर चाल समझता हूँ।

(ख) तुम तो हर छोटी-बड़ी बात पर ".." लेते हो।

(ग) भारतीय सैनिकों ने दुश्मन की सेना के दिए।

View Text Solution

## खण्ड ग

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) वर्तमान समय में शाश्वत मूल्यों की क्या उपयोगिता है? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) तताँरा-वामीरों की त्यागभरी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?

(ग) कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी, 1931 का दिन क्यों महत्वपूर्ण था ?

View Text Solution

**2.** बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे?

View Text Solution

**3.** बड़े भाईसाहब के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

View Text Solution

**4.** अथवा 'कारतूस' पाठ के आधार पर सोदाहरण सिद्ध कीजिए कि वज़ीर अली एक जांबाज़ सिपाही था।

View Text Solution

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) कबीर की साखी के आधार पर लिखिए कि ईश्वर वस्तुत: कहाँ है। हम उसे क्यों नहीं देख पाते?

(ख) सुमित्रानंदन पंत ने 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की तुलना किससे की है और क्यों?

(ग) कवि किन दिनों में प्रभु की याद बनाए रखना चाहता है? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर लिखिए।

View Text Solution

**6.** गोपियाँ श्रीकृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं? 'बिहारी के दोहे' के आधार पर लिखिए।

View Text Solution

**7.** तोप'कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

View Text Solution

**8.** कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि बलिदानी वीर भारतीय युवकों से क्या अपेक्षा

करते हैं और क्यों?

View Text Solution

**9.** मानवीय मूल्या के आधार पर इफ्फन आर टापाशुक्ला का दोस्ती की समीक्षा कीजिए।

View Text Solution

**10.** हरिहर काका के जीवन के अनुभवों से हमें क्या सीख मिलती है? पाठ के आधार पर लिखिए।

View Text Solution

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पहनी थी

(ख) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है? 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दु:खी होने वाले' ___पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) "गिन्नी का सोना' पाठ में शुद्ध आदर्श की तुलना शुद्ध सोने से पदों की गई है?

View Text Solution

**12.** जापान में चाय पीना एक सेरेमनी' क्यों है?

View Text Solution

**13.** परम्पराएँ या मान्यताएँ जब बंधन लगने लगें तो उनका टूट जाना ही क्यों अच्छा है?

View Text Solution

**14.** अथवा 'कारतूस' पाठ के आधार पर वज़ीर अली की चारित्रिक विशेषताओं का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

View Text Solution

**15.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(क) मीराबाई ने श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार की है? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौन्दर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) छाया भी कब छाया को ढूंढने लगती है? 'बिहारी' के दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए।

View Text Solution

**16.** तोप' को कब-कब चमकाया जाता है? 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए।

View Text Solution

**17.** 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक साथ होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है? इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है? स्पष्ट कीजिए।

View Text Solution

**18.** आत्मत्राण कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

View Text Solution

**19.** हरिहर काका के साथ उनके भाइयों तथा ठाकुरबाड़ी के महंत ने कैसा व्यवहार किया? क्या आप उसे उचित मानते हैं? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

View Text Solution

**20.** सपनों के से दिन' कहानी के आधार पर पी.टी. साहब के व्यक्तित्व की दो विशेषताएं बताते हुए लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को महत्त्वपूर्ण आदमी, एक फौजी जवान क्यों समझाता था?

View Text Solution

## खण्ड घ

**1.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए

(क) पहला सुख-निरोगी काया

आशय

व्यायाम और स्वास्थ्य

समाज को लाभ

(ख) मोबाइल फोन

लोकप्रियता

सूचना क्रांति

लाभ-हानि

(ग) एक ठंडी सुबह

कब, कहाँ

क्यों है याद

क्या मिली सीख

View Text Solution

**2.** अपने विद्यालय में पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

View Text Solution

**3.** आपके बचत खाते का ए. टी. एम. कार्ड खो गया है। इस संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही करने हेतु बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए।

View Text Solution

**4.** एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें सभी विद्यार्थियों से निर्धन बच्चों के लिए 'पुस्तक-कोष' में अपनी पुरानी पाला-पुस्तकों का उदारतापूर्वक योगदान देने हेतु अनुरोध किया गया हो।

View Text Solution

**5.** आपको विद्यालय में एक बटुआ मिला है, जिसमें कुछ रुपयों के साथ कुछ जरूरी कार्ड भी है। छात्रों से इसके मालिक को पूछताछ और वापस पाने की प्रक्रिया बताते हुए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

View Text Solution

**6.** सूती वस्त्र तैयार करने वाली कंपनी 'क-ख-ग पैरहन' की ओर से दी जा रही छूट का उल्लेख करते हुए एक विज्ञापन का आलेख लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।

View Text Solution

**7.** दिल्ली पुस्तक मेले में भाग ले रहे 'क-ख-ग प्रकाशन' की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

View Text Solution

**8.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए

(अ) वृक्षारोपण का महत्व

वृक्षारोपण का अर्थ

वृक्षारोपण क्यों

हमारा दायित्व जैं

(ब) इंटरनेट का तात्पर्य

सूचना का मुख्य साधन

लाभ तथा हानि

(स) आधुनिक जीवन

आवश्यकताओं में बांट

अशांति

क्या करे

View Text Solution

**9.** अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय खुलवाने की आवश्यकता समझाते हुए दिल्ली के शिक्षा मंत्री के नाम एक पत्र लिखिए।

View Text Solution

**10.** कक्षा में अनजाने हो गए अभद्र व्यवहार के लिए कक्षा-अध्यापक से क्षमा याचना करते हुए पत्र लिखिए।

View Text Solution

**11.** आप अपने विद्यालय में सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली कविता-प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

View Text Solution

**12.** विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

View Text Solution

**13.** आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

View Text Solution

**14.** अपनी पुरानी साइकिल की बिक्री के लिए 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

View Text Solution

**15.** 26 जनवरी, 1931 में कोलकाता में हुए घटनाक्रम की उन बातों का वर्णन कीजिए जिनके कारण लेखक ने डायरी में लिखा, "आज जो बात थी वह निराली थी"।

View Text Solution

**16.** चा-नो-यू की पूरी प्रक्रिया का वर्णन अपने शब्दों में करते हुए लिखिए कि उसे झेन परम्परा की अनोखी देन क्यों कहा गया है?

View Text Solution

**17.** कर चले हम फिदा' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

View Text Solution

**18.** कविता की पृष्ठभूमि में तोप' की अतीत में भूमिका और उसकी वर्तमान स्थिति का वर्णन कीजिए। कवि को क्यों कहना पड़ा

कितनी ही कड़ी हो तोप

"एक दिन तो होना ही है उसका मुख बंद।"

View Text Solution

**19.** कल्पना कीजिए कि एक पत्रकार के रूप में आप हरिहर काका के बारे में अपने समाचार पत्र को क्या-क्या बताना

चाहेंगे और समाज को उसके उत्तरदायित्व का बोध कैसे कराएंगे?

View Text Solution

**20.** टोपी और इफ्फन अलग-अलग धर्म और जाति से संबंध रखते थे पर दोनों एक अटूट रिश्ते से बंधे थे। इस कथन के आलोक में 'टोपी शुक्ला' कहानी पर विचार कीजिए।

View Text Solution

**21.** चौराहों पर भीख माँगते बच्चों को देखकर आपको कैसा इस समस्या के समाधान के लिए अपने विचार एक पत्र द्वारा किसी समाचार पत्र के संपादक को लिखिए।

View Text Solution

**22.** अथवा अपनी पढ़ाई तथा अन्य गतिविधियों के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

View Text Solution

**23.** मैदान में सभा न होने देने के लिए पुलिस बंदोबस्त का विवरण देते हुए सुभाष बाबू के जुलूस और उनके साथ पुलिस के व्यवहार की चर्चा कीजिए।

View Text Solution

**24.** बढ़ती आबादी के पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए स्पष्ट कीजिए कि,"नेचर की सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है।"

View Text Solution

**25.** कविता के आधार पर 'मनुष्यता' के गुणों/लक्षणों की चर्चा विस्तारपूर्वक कीजिए।

View Text Solution

**26.** कविता के आलोक में सैनिक के जीवन की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए भाव स्पष्ट कीजिए-'राम भी तुम, तुम्ही लक्ष्मण साथियो।

View Text Solution

**27.** "स्कूल हमारे लिए ऐसी जगह न थी जहाँ खुशी से भागे जाए" फिर भी लेखक और साथी स्कूल क्यों जाते थे? आज के स्कूलों के बारे में आपकी क्या राय है? क्यों? विस्तार से समझाइए।

View Text Solution

**28.** हरिहर काका के विरोध में महंत और पुजारी ही नहीं उनके भाई भी थे। इसका कारण क्या था? हरिहर काका उनकी राय क्यों नहीं मानना चाहते थे। विस्तार से समझाइए।

View Text Solution

**29.** एक चौराहे पर स्कूल जाने की उम्र की किसी लड़की को भीख माँगता देखकर आपके मन में क्या भाव उठे? अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखकर बताइए।

View Text Solution

**30.** स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' अभियान का आपके आस-पड़ोस में क्या प्रभाव दिखाई देता है? उसकी अच्छाइयों और सीमाओं की चर्चा करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

View Text Solution

## खण्ड ख

**1.** "अब कहाँ दूसरे के दुख"," पाठ के आधार पर लिखिए कि बढ़ती हुई जनसंख्या का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। प्रकृति की सहनशक्ति जब सीमा पार कर जाती है, तो क्या परिणाम होते हैं?

View Text Solution

**2.** रूढ़ियाँ जब बंधन बनने लगें तो उनका टूट जाना क्यों अच्छा है? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि रूढ़ियाँ तोड़ने के लिए तताँरा-वामीरो को क्या त्याग करना पड़ा।

View Text Solution

**3.** मीरा के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वह भक्त की विपत्ति दूर करने के लिए किन प्रसंगों की याद कृष्ण को दिखाती है और उन्हें पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तत्पर है?

View Text Solution

**4.** पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

View Text Solution

**5.** टोपी शुक्ला' कहानी हमें क्या संदेश देती है? भारतीय समाज के लिए यह कैसे लाभकारी हो सकता है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

View Text Solution

**6.** हरिहर काका के जीवन आई कठिनाइयों का मूल कारण क्या था? ऐसी सामाजिक समस्या के समाधान के क्या उपाय हो सकते हैं? लिखिए।

View Text Solution

**7.** आपकी हिन्दी शिक्षिका का स्थानांतरण हुए दो मास हो गए हैं और कोई नियमित विकल्प न मिलने से पढ़ाई नहीं हो पा रही। पत्र में इस समस्या की चर्चा करते हुए प्रधानाचार्य से तुरंत समाधान करने का आग्रह कीजिए।

View Text Solution

**8.** परीक्षा के दिनों में विद्युत आपूर्ति नियमित न होने से हो रही कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए विद्युत प्रदाय संस्थान के मुख्य प्रबंधक को तुरंत इसे ठीक करने का अनुरोध कीजिए।

View Text Solution

**9.** "बड़े भाईसाहब की डाँट-फटकार यदि न मिलती तो छोटा भाई कक्षा में प्रथम नहीं आता।" उक्त कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार उपयुक्त तर्क सहित लिखिए।

View Text Solution

**10.** जापान में अधिकांश लोगों के मनोरुग्ण होने के क्या कारण हैं? तनाव से मुक्ति दिलाने में झेन परंपरा की चा-नो-यू विधि किस प्रकार सहायक है?

View Text Solution

**11.** आपको विद्यालय में खेलने का अवसर नहीं मिलता। कह दिया जाता है कि छात्र संख्या अधिक होने से सबके लिए व्यवस्था नहीं हो सकती। प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर इस समस्या पर चर्चा कीजिए और एक उपाय भी सुझाइए।

View Text Solution

**12.** मेट्रो में यात्रा करते हुए अपना कीमती सामान वाला बैग आप भूल गए। तुरंत शिकायत करने के बाद अगले दिन आपको अपना बैग वापस मिल गया। प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए किसी पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

View Text Solution

**13.** नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का रूपांतरण कीजिए

(क) वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे।

(संयुक्त वाक्य)

(ख) मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया।

(सरल वाक्य)

(ग) एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अण्डा तोड़ दिया। (मिश्र वाक्य)

(घ) वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थीं। (सरल वाक्य)

View Text Solution

**14.** (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

यथार्थ, शांतिप्रिय, भीमार्जुन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए-

(i) विद्या रूपी धन

(ii) चंद्र है शिखर पर जिसके अर्थात् शिव

(iii) युद्ध में वीर।

View Text Solution

**15.** रिक्तस्थानों की पूर्ति किन्हीं दो उपयुक्त मुहावरों के द्वारा कीजिए

(क) विशेषज्ञ विद्वान को समझाना ऐसा ही है जैसे......।

(ख) गणित का गृहकार्य करना मुझे .....प्रतीत होता है।

(ग) मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में हमेशा ......चाहिए।

View Text Solution

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

'सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है। यह बात गलत है कि हर कोई मनुष्य हर एक काम कर सकता है।

लॉर्ड वेस्टरफील्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धान्त के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहाप को, जो सुस्त, ढीलाढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लडका ज्यों का त्यों रहा और जीवन-भर योग्य न बन सका। स्वाभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है, बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा। प्राय: यह संभावना प्रबल होती है कि छोटी आयु में कविता करने वाला कवि सेना बनाकर चलने वाला सेनापति, भुटटे चुराने वाला चोर-डाकू, पुरजे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रूचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा।जब यह विदित हो जाए कि लड़के की रुचि

किस काम की ओर है तब यह करना चाहिए कि उसे उसी विषय में ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्राप्त करके मनुष्य अपने काम-धन्धे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है, जिनके काम-धन्धे का पूर्ण प्रतिबिम्ब बचपन में नहीं दिखता, वे अपवाद ही हैं।

प्रत्येक मनुष्य में एक विशेष कार्य को अच्छी प्रकार करने की शक्ति होती है। वह बड़ी दृढ़ और उत्कृष्ट होती है। वह देर तक नहीं छिपती। उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है। जीवन में यदि आपने सही कार्यक्षेत्र चुन लिया तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया।

(क) लॉर्ड वेस्टरफील्ड का क्या सिद्धान्त था? समझाइए।

(ख) इसे उसने सर्वप्रथम किस पर आजमाया? और क्या परिणाम रहा?

(ग) बालक आगे चलकर कैसा मनुष्य बनेगा, इसका अनुमान कैसे लगाया जा सकता है?

(घ) सही कार्यक्षेत्र चुनने के क्या लाभ हैं?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

View Text Solution

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

कार्य-थल को वे कभी नहीं पूछते 'वह है कहाँ',

कर दिखाते हैं असंभव को वही संभव यहाँ।

उलझनें आकर उन्हें पड़ती हैं जितनी ही जहाँ,

वे दिखाते हैं नया उत्साह उतना ही वहाँ।

जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,

तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा।

बन खंगा लेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,

कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी।

सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,

बुद्धि, विद्या, धन, वैभव के हैं जहाँ डेरे डले।

वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,

वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले।

लोग जब ऐसे समय पाकर जन्म लेंगे कभी देश की और जाति की होगी भलाई भी तभी।

(क) कर्मवीरों की दो विशेषताएँ बताइए।

(ख) कैसे कह सकते हैं कि कर्मवीर मनुष्य में काम करने की

अजब धुन होती है?

(ग) किसी देश के नागरिक कर्मवीर हों तो देश को क्या लाभ होता है?

View Text Solution